उत्तराखंड कर्मकार बोर्ड के बेहतर संचालन हेतु बनेगा 'प्रोजेक्ट मैनेजमेंट यूनिट'

चर्चा में क्यों?

23 अगस्त, 2022 को उत्तराखंड कर्मकार कल्याण बोर्ड के सचिव पी.सी. दुमका ने बताया कि कर्मकार बोर्ड के क्रियाकलापों व अन्य राज्यों की बेस्ट प्रैक्टिस को लागू करने के लिये प्रोजेक्ट मैनेजमेंट यूनिट (पीएमयू) का प्रस्ताव भेजा गया है। जल्द ही नए बदलाव लागू हो जाएंगे।

प्रमुख बिंदु

- उत्तराखंड भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड में साइकिल आवंटन जैसे घोटाले रोकने के लिये ऑनलाइन कवच तैयार किया जा रहा है। इसमें जहाँ चार लाख श्रमिकों की सभी योजनाएँ ऑनलाइन होंगी तो उन आवेदनों पर कार्रवाई के लिये अधिकारियों की जवाबदेही भी तय की जा रही है।
- बोर्ड के बेहतर संचालन के लिये प्रोजेक्ट मैनेजमेंट यूनिट (पीएमयू) भी बनाई जा रही है। इसमें श्रमिक कल्याण के क्षेत्र में काम करने वाले विशिषज्ञ शामिल होंगे, जो विभिन्न राज्यों की बेहतर योजनाओं को उत्तराखंड में धरातल पर उतारेंगे। ।
- कर्मकार बोर्ड की सभी योजनाएँ पूरी तरह से ऑनलाइन की जा रही हैं। आवेदन ऑनलाइन होंगे, जो निर्धारित समयावधि में पूरे करने होंगे। साइकिल आवंटन से लेकर सभी योजनाओं के लिये ऑनलाइन आवेदन अनिवार्य होगा। फाइलों को ऑनलाइन ग्रीन, येलो, रेड का टैग दिया जाएगा।
- हर अधिकारी को रोजाना सुबह लंबित फाइलों की जानकारी मोबाइल पर एसएमएस से मिल जाएगी। अगर श्रमिक पंजीकरण को 30 दिन का समय तय किया जाएगा तो 20 दिन तक फाइल ग्रीन दिखेगी, 20 से 30 दिन के बीच येलो और फिर 30 पूरे होते ही रेड हो जाएगी, जिसकी जानकारी आला अधिकारियों तक भी चली जाएगी। काम न करने वालों पर कार्रवाई की जाएगी।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/project-management-unit